**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–04.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

************
राज्यपाल और कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि राज्य के विश्वविद्यालयों में खाली पदों को शीघ्र ही भरा जायेगा। वे जमशेदपुर में महिला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा के स्तर में सुधार की पहल की जा रही है।

************
इससे पहले उन्होंने महिला विश्वविद्यालय के सिदगोड़ा स्थित कैंपस में द्वितीय दीक्षांत समारोह का उदघाटन किया। इस दौरान राज्यपाल ने 32 छात्रों को गोल्ड मेडल प्रदान किया। इनमें 26 पीजी और 6 यूजी की छात्राएं शामिल हैं। मौके पर श्री गंगवार ने यूनिवर्सिटी द्वारा तैयार की गयी स्मारिका का विमोचन भी किया।

************
संसद भवन में बजट सत्र के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ रांची के एससी–एसटी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई हैं। यह शिकायत नामकोम की रहने वाली अंजलि लकड़ा ने दर्ज करायी है।

************
रांची में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एनपी–एनसीपी के अंतर्गत राज्य में सामान्य कैंसर के व्यापक स्क्रीनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रांची के नामकोम स्थित आरसीएच कैंपस के आईपीएच ऑडिटोरियम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी ने इसका उदघाटन किया।

************
नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। लातेहार जिले में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के दो सदस्यों ने आज पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि राज्य सरकार की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर इन उग्रवादियों ने समर्पण किया है।

मौके पर मौजूद सीआरपीएफ 11वीं बटालियन के कमांडेंट याद राम बुनकर ने अन्य नक्सलियों से भी समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील की।

************
झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। बजट सत्र के सुचारू संचालन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गयी हैं। इस सिलसिले में आज शाम चार बजे झारखंड पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधिकारियों की एक बैठक बुलायी गयी है। डीजीपी के आदेश पर आयोजित होने वाली इस बैठक में आईजी अभियान, रांची जोनल आईजी, आईजी मुख्यालय, आईजी स्पेशल ब्रांच, रांची एसएसपी समेत कई पुलिस अधिकारी शामिल होंगे।

************
गढ़वा जिले के अन्नराज डैम को इको टूरिज्म क्षेत्र के रुप में विकसित करने की पहल शुरु कर दी गयी है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

************
एडीजी प्रशिक्षण और आधुनिकीकरण सुमन गुप्ता ने आज ई–साक्ष्य ऐप को लेकर समीक्षा बैठक की। एडीजी ने ई साक्ष्य ऐप के उपयोग से संबंधित विषय और स्थिति की समीक्षा की।

********************